**DAV Institute,CG**
**Class Xth**
**Subject Hindi (Course A)**
**TIME 3hr.                M.M. 80**

**<u>सामान्य निर्देश</u>**

**क-इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं एवं खंड और खंड ब। खंड अ में वस्तुपरक/ बहुविकल्पी एवं खंड ब में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।**

**ख- प्रश्न पत्र के दोनों खंडों में कुल 17 प्रश्न हैं और सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।**

**ग-यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर**

**खंड -अ**

**(बहुविकल्पी/ वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1-** निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर दे -        (1×5=5)

जीवन में समय का नियोजन ही सफलता की कुंजी है। समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है या यूं कहें कि भाग रहा है। अक्सर इधर-उधर, कहीं ना कहीं, किसी न किसी से यह सुनने को मिलता है कि क्या करें, समय ही नहीं मिलता। वास्तव में हम निरंतर गतिमान समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल ही नहीं पाते और पिछड़ जाते हैं। चाणक्य ने कहा है- "जो व्यक्ति जीवन में समय का ध्यान नहीं रखता, उसके हाथ असफलता और पछतावा ही लगता है।" कबीर दास जी ने भी"काल करें सो आज कर, आज करे सो अब" कहकर काम को कल पर नहीं टालने की सीख दी है। समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने -चांदी की तरह संरक्षित नहीं रखा जा सकता क्योंकि समय तो गतिमानहै। इस पर हमारा अधिकार तभी तक है, जब तक हम इसका सदुपयोग कर रहे हैं अन्यथा यह नष्ट हो जाता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम समय पर किस प्रकार अपना काम करें क्योंकि हम अपने भाग्य के निर्माण में अपनी सहायता स्वयं कर रहे हैं । समय को नष्ट मत करो क्योंकि यही जीवन की निर्माण विभूति है ।समय का सदुपयोग बुद्धिमता का परिचायक है । सामान्य व्यक्ति समय को गंवा देता है और बुद्धिमान उसका सदुपयोग करता है।

(1)-जीवन में सफलता की कुंजी समय नियोजन को बताया गया है -कथन पढ़ कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

**कथन**

1- समय नियोजन से कुछ कार्य पूर्ण
नहीं हो पाते।

2-निरंतर गतिमान समय के साथ चलकर ही सफलता प्राप्त होती है।

3- केवल परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त होती है।

4-समय देखकर चलने से सफलता मिलती है।

**विकल्प**

(क) कथन 1 तथा 2 सही है।

(ख) कथन 2 सही है।

(ग) कथन 3 सही है।

(घ) कथन 1 व 4 सही है।

(2) गद्यांश के आधार पर बताइए की समय जैसे बहुमूल्य धन पर व्यक्ति का अधिकार तब तक रहता है-

(क) जब तक वह समय को बांधकर नहीं रखता।

(ख) जब तक वह समय को देखता
रहता है।

(ग) जब तक वह समय का सदुपयोग
करता है।

(घ) जब तक वह समय का दुरुपयोग
करता है।

(**3**) कबीर दास जी की सीख को ना
मानने पर परिणाम होगा -

(क)-अधूरे कार्य रहने से हम जीवन
की दौड़ में पीछे रह जाएंगे।

(ख)- हमारे कार्य पूरे हो जाएंगे।

(ग)- हम अधिकांश कार्य कर पाएंगे।

(घ)-हम सबसे आगे निकल जाएंगे।

**(4)** चाणक्य के अनुसार समय का
ध्यान न रखने वाले व्यक्ति को
जीवन में मिलता है-

(क)- धन और सुख- सुविधाएं

(ख)-सफलता और पछतावा

(ग)-असफलता और पछतावा

(घ)-असफलता और धन

**(5)** कथन( A)और कथन( R) को
पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन (A) : समय का सदुपयोग
बुद्धिमत्ता का परिचायक है।

कारण (R) केवल साहसी व्यक्ति ही
समय का सदुपयोग करता है।

(क)कथन (A) : गलत है किंतु कारण
( R) सही है।

(ख) कथन( A): और R दोनों ही
गलत है।

(ग) कथन (A) : सही है और कारण
R कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A: सही है किंतु R कथन
A की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 2-** नीचे दिए गए पद्यांश पर आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर दें- (**1×5=5)**

देख कर बाधा विविध, बहु विघ्न घबराते नहीं,
रह भरोसे भाग के ,
दुख भोग पछताते नहीं।
काम कितना भी कठिन हो ,
किंतु उकताते नहीं,
भीड़ में चंचल बने जो,
वीर दिखलाते नहीं ।
हो गए एक आज में
उनके बुरे दिन भी भले ,
सब जगह सब कल में,

वे ही मिले फूले फले।

सिलसिला कि  धूप को जो,

चांदनी देवें बना ,

काम पड़ने पर करें जो

शेर का भी सामना।

जो कि हंस हंस के

चबा लेते हैं, लोहे का चना ,

है  कठिन  कुछ भी नहीं,

जिनके हैं जी में यह ठना ।

कोस कितने ही चलें पर,

वह कभी थकते नहीं,

कौन सी है गांठ जिसको

खोल वे सकते नही ।।

1-काव्य पंक्तियों में किन व्यक्तियों की ओर संकेत किया गया है ?

(क)-जो बढ़ाओ से घबराते नहीं

(ख)-जो अपने कर्तव्यों से विमुख हैं

(ग)-जो भाग्य के सहारे रहते हैं

(घ)-जो परिश्रम नहीं करना चाहते हैं

2-कथन A और कारण R को पढ़कर

उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन A: दुख आने पर पुरुषार्थी

व्यक्ति घबराते नहीं।

कथन R: उन्हें अपने परिश्रम पर

भरोसा होता है ।

(क) कथन A गलत है, किंतु कारण

R सही है ।

(ख)  कथन A और कारण R दोनों

गलत है।

(ग) कथन Aसही है और कारण R
कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A सही है, किंतु कारण R
कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

3-' हो गये एक आज में उनके बुरे दिन भी भले'- दिए गए कथन को पढ़कर
सही विकल्प का चयन कीजिए-

**कथन**

1- वे बाधाओं से घबराते नहीं

2-अपनी तारीफ करते रहने के कारण

3-लक्ष्य की ओर दृढ़ निश्चय के कारण

4-लक्ष्य की ओर ध्यान नहीं देने के
कारण

**विकल्प**

(क) कथन 1और 2 सही है

(ख) कथन 1और 3 सही है

(ग) कथन 2 और 3 सही है

(घ) कथन 3और 4 सही है

4- 'धूप को चांदनी बना देने का'
तात्पर्य है -

(क)-कठिनाइयों में हंसते रहना

(ख)-कठिनाइयों का सामना करना

(ग)-कठिनाइयों को सरल बना देना

(घ)-कठिन परिस्थितियों में काम करना

5- 'लोहे के चने चबाना' का भाव है -

(क)- दृढ़ संकल्प बनाए रखना

(ख)- कठोर परिश्रम करना

(ग)- कठिनाइयों को झेलना

(घ)- गंभीर संकट झेलना

**प्रश्न 3**- निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद आधारित पांच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए- (**1×4=4)**

1-कठोर बनो किंतु सहृदय रहो-

सरल वाक्य में लिखिए ।

(क) कठोर बनो अथवा सहृदय रहो।

(ख) जो कठोर हैं वे सहृदय बने।

(ग) कठोर बनकर सहृदय रहो।

(घ) जिसे कठोर बनना है वे सहृदय रहे।

2- संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-

(क) चाय पियोगे या कॉफी पियोगे ?

(ख) चाय या कॉफी पियोगे ?

(ग) चाय पीकर कॉफी भी पियोगे?

(घ) उसने कहा कि चाय पियोगे या कॉफी ?

3- मिश्र वाक्य पहचानें -

(क) वह मुझसे कहता है कि आओ।

(ख) उसने मुझसे आने के लिए कहा।

(ग) उसने आने के लिए कहा और चला गया।

(घ) वह आता है किंतु चला भी जाता है।

4- निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए-

**कथन**

(क) मजदूर काम करके चले गए।

(ख) मजदूरों ने काम किया और चले गए।

(ग) जब मजदूरों ने काम कर लिया तब वे चले गए।

(घ) जैसे ही मजदूरों ने काम कर लियावैसे ही वे चले गए।

**विकल्प**

(क) कथन क और ख सही है।

(ख)कथन क सही है और ख गलत है।

(ग) कथन ग सही है और घ गलत है।

(घ) कथन ग और घ सही है।

**5-** निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य बताएं -

क- जो बैठे हैं वे पहले आए हैं।

ख- जब कहोगे तब आऊंगा।

ग- जिसने सोचा , उसने लिख लिया।

घ)- उसने कहा कि कल आना।

**(4)** -वाच्य परआधारितनिम्नलिखित पांच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

**(1×4=4)**

1- निम्नलिखित में कर्तृवाच्य का उदाहरण है -

क-उसके द्वारा काम किया गया।

ख- उससे काम किया जाता है।

ग- उसने काम किया।

घ-उसके द्वारा कम किया जाएगा।

2-निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का वाक्य है-

क- उसने पढ़ाई की ।

ख- बच्चा बैठता है।

ग- बच्चे से बैठा जाता है।

घ- बच्चे बैठ गए।

3-निम्नलिखित वाक्य में कर्मवाच्य का वाक्य है-

क-धोबी  कपड़े धोता है।

ख- धोबी ने कपड़े धोए।

ग- धोबी से कपड़े धोए जाते हैं।

घ- धोबी कपड़े धोएगा।

4- 'ममता नृत्य करना जानती है'

वाक्य में कौन सा वाच्य है?

क- कर्तृवाच्य

ख- भाववाच्य

ग- कर्मवाच्य

घ-अन्य

5-निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य का सही विकल्प चुनें -

**कथन**

क- बच्चों के द्‌वारा पौधा लगाया गया।

ख- बच्चे पौधा लगा रहे हैं।

ग- माता से खाना पकाया जाता है।

घ- माता से पकाया जाता है।

**विकल्प**

1- कथन क सही और ख गलत है।

2-कथन क और ग दोनों गलत है।

3- कथन क और ग सही है।

4- कथन क और ख सही है।

**प्रश्न 5** - निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पांच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर दें -(**1×4=4)**

1-ड्राइवर ने **<u>जोर</u>** से ब्रेक मारा।

क-रीतिवाचक क्रिया विशेषण,
विशेष्य क्रिया मारा।

ख- स्थानवाचक क्रिया विशेषण,
विशेष्य क्रिया मारा।
ग- कालवाचक क्रिया विशेषण,
विशेष्य क्रिया मारा।
घ-परिमाणवाचक क्रिया विशेषण,
विशेष्य क्रिया मारा।

2- **<u>हमें</u>** अपने देश पर नाज है।

क-निजवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष,
बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।
ख- पुरुषवाचक सर्वनाम,उत्तम पुरुष,
बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।
ग- प्रश्नवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष,
बहुवचन, पुल्लिंग , कर्ता कारक।
घ- संबंधवाचक ,सर्वनाम उत्तम पुरुष, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।

3- मैं **<u>सफेद</u>** कपड़ा पहनता हूं।
क- विशेषण गुणवाचक विशेषण
पुल्लिंग, बहुवचन, विशेष कपड़े।
ख-विशेषण, संख्या वाचक विशेषण
पुल्लिंग,बहुवचन, विशेष्य कपड़े।
ग-विशेषण,परिमाण वाचक विशेषण,
पुल्लिंग,बहुवचन, विशेष्य कपड़े।
घ- विशेषण ,सार्वनामिक विशेषण
पुल्लिंग,बहुवचन, विशेष्य कपड़े।

4-विद्यालय जाकर कुछ **<u>तो</u>** पढ़ोगे।
क- अव्यय , निपात।
ख- क्रियाविशेषण , निपात।
ग- संबंधवाचक , निपात।

घ- अव्यय, समुच्चयबोधक।

5- पशु नदी में **<u>नहा रहे हैं।</u>**

क- सकर्मक क्रिया, बहुवचन
पुल्लिंग, वर्तमान काल।

ख- अकर्मक क्रिया बहुवचन
पुल्लिंग, वर्तमान काल।

ग- अकर्मक क्रिया, एकवचन
स्त्रीलिंग, वर्तमान काल।

घ- सकर्मक क्रिया, एकवचन,
पुल्लिंग, वर्तमान काल।

**प्रश्न 6-** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पांच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (**1×4=4)**

क- रहिमन पानी राखिए, बिन पानी
सब सून।
पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष
चून।

1- उत्प्रेक्षा
2-अनुप्रास
3-उपमा
4-श्लेष

ख- अंबर पनघट में डुबो रही
ताराघट उषा नागरी।

1- उपमा
2- श्लेष
3- मानवीकरण
4- उत्प्रेक्षा

ग-मंगन को देख, पट देत बार-बार है।

1-श्लेष

2- उपमा

3-मानवीकरण

4-अतिशयोक्ति

घ- नयन मानो अरविंद हैं

सरस  विसाल विसेखि ।

1-उत्प्रेक्षा

2- श्लेष

3-अतिशयोक्ति

4- मानवीकरण

**प्रश्न 7** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए -  (**1×5=5)**

उस समय तक हमारे परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता थी, उम्र में 16 वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक। सन '44 में सुशीला ने यह योग्यता प्राप्त की और शादी करके कोलकाता चली गई। इन लोगों की छत्रछाया के हटते ही पहली बार मुझे नए सिरे से अपने वजूद का एहसास हुआ। पिताजी का ध्यान भी पहली बार मुझ पर केंद्रित हुआ। लड़कियों को जिस उम्र में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सुघड़ गृहिणी और कुशल पाक- शास्त्री बनाने के नुस्खे जुटाए जाते थे, पिताजी का आग्रह रहता था कि मैं रसोई से दूर ही रहूं। रसोई को वे भटियार खाना कहते थे और उनके हिसाब से वहां रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था।  घर में आए दिन विभिन्न राजनीतिक  दलों  के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थी।

1-लेखिका की बड़ी बहन का क्या नाम था ?

क- मन्नू

ख- सुशीला

ग- जैनेन्द्र

घ- चित्रलेखा

2- लेखिका के पिता रसोई को क्या कहते थे?

क- रसोईघर

ख- भटियार खाना

ग- पाकशास्त्री

घ- भट्ठी

3- लेखिका ने स्वयं को कब पहचाना?

क-जब भाई बहनों की छत्रछाया हट गयी।

ख- जब वह कॉलेज पढ़ने गई।

ग-जब वह कुशल पाक- शास्त्री बन गयी।

घ-जब वह अपनी योग्यता को दिखाने लगी।

4-उसे समय विवाह के लिए लड़की की क्या योग्यता थी?

क-16 वर्ष तथा मैट्रिक पास

ख-15 वर्ष तथा मैट्रिक पास

ग-12 वर्ष तथा मैट्रिक पास

घ-17 वर्ष तथा मैट्रिक पास

5- लेखिका के घर आए दिन किसके जमावड़े होते थे ?

क-राजनीतिक पार्टियों के

ख-कॉलेज के छात्रों के

ग- रिश्तेदारों के

घ- मित्रों के

**प्रश्न 8**- गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए -(**1×2=2)**

(क) लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वालों की क्या विशेषता थी?

1- वह आसानी से बेच देते हैं।

2 -वे बातें बहुत बनाते हैं।

3-वे चटपटा मसाला भी देते हैं।

4-वे रूखापन दिखाते हैं।

**(प्रश्न** 9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों  के उत्तर दे -(**1×5=5)**

छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े
शेफालिका के फूल
बांस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !
थक गए हो?
आंख लूं मैं फेर ?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?
यदि तुम्हारी मां न माध्यम बनी
होती आज
मैं न सकता देख
मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान

1-कवि और शिशु के परिचय का
माध्यम कौन बना?

क- शिशु की मां

ख- कवि

ग- अन्य लोग

घ- सभी सही है

2- शिशु की आंख क्यों थक गई हैं?

क- अपने पिता को लगातार देखने
के कारण

ख- मां को लगातार देखने के कारण

ग-छत को लगातार देखने के कारण

घ-नींद अधूरी रहने के कारण

3-कवि को बच्चे का स्पर्श कैसा लगा?

क- पानी जैसा

ख -फूल जैसा

ग -धूप जैसा

घ - छांव जैसा

4-कवि के स्पर्श से बच्चे पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?

क- बच्चा सो गया

ख- बच्चा खुश हो गया

ग-बच्चा बिना पलके झुकाए लगातार देखता रहा

घ- बच्चा उसे पहचान गया।

5- दंतुरित मुस्कान से कवि का क्या आशय है?

क-बच्चों का लगातार मुस्कुराना

ख-छोटे-छोटे दांतों वाली मुस्कान

ग-बच्चों का पहली बार मुस्कुराना

घ-सभी सही है

**प्रश्न 10**- पाठ की कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -**(1×2=2)**

1-कुम्हड़बतिया का उदाहरण क्यों दिया गया है?

क- परशुराम धनुष तोड़ने वाले को कमजोर समझ रहे थे।

ख-कुम्हड़े का फल कमजोर होता है।

ग-परशुराम राम लक्ष्मण को कुम्हड़े की तरह कमजोर समझ रहे थे।

घ-यह सभी गलत है।

**2**-जयशंकर प्रसाद अपनी आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहते थे ?

**क**-वह एक सामान्य व्यक्ति की भोली कथा है।

**ख**-वह कथा दुर्बलताओं से भरी हुई है

**ग**- उसमें दूसरों के लिए धोखा और छल है।

**घ**- कवि स्वयं को सामान्य मानव मानते हैं।

**खंड -'ब '(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**(40अंक)**

**प्रश्न 11**- निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 30 शब्दों में लिखिए-

(**2×3=6)**

**क**-डिब्बे में घुसते ही लेखक ने क्या देखा?

**ख**- शहनाई की दुनिया में डुमरांव को क्यों याद किया जाता है?

**ग**- वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है?

**घ**- बाल गोविंन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी?

**प्रश्न 12**- निम्नलिखित चार प्रश्नों में स किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25- 30 शब्दों में लिखिए-

(**2×3=6)**

**क**-'जिनके मन चकरी ' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

**ख**- कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों

रखा गया है ?

ग वर्तमान जीवन शैली मिट्टी के गुण-धर्म को किस तरह प्रभावित करती है ?

घ- संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक गायिकाओं की मदद करते हैं ?

**प्रश्न 13**- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-6 शब्दों में लिखिए- (**4×2=8**)

**क-** पाठ 'माता का आंचल' के आधार पर भोलानाथ और उसके पिता के संबंधों का विश्लेषण करते हुए पिता पुत्र संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालिए।

**ख**- 'साना साना हाथ जोडि' पाठ के आधार पर बताइए कि देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति हमारा क्य उत्तरदायित्व होना चाहिए?

**ग-** पाठ 'मैं क्यों लिखता हूं' के आधार पर यह बताइए की लेखक ने अपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?

**प्रश्न 14- दिए गए बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (** 6×1=6)

(क) खेल विद्यार्थी जीवन की अनिवार्य आवश्यकता

**संकेत बिंदु**

1-अच्छे स्वास्थ्य के लिए,

2-मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए

3- चरित्र निर्माण के लिए।

4-सफल व्यक्तित्व निर्माण के लिए

(ख) ऑनलाइन खरीदारी:समय की मांग

**संकेत बिंदु**

1-ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय

2-बदलते समय की आवश्यकता

3-खरीदारी करते समय संयम की आवश्यकता

4- खरीदारी के समय सावधानियां

(ग) पेड़ -पौधे और हम

**संकेत बिंदु**

1-मनुष्य का पेड़ पौधों से संबंध

2-प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ

3-वृक्ष काटने से नुकसान

4- निष्कर्ष

**प्रश्न 15-** आप रवि/ रमा हैं। विद्यालय के पुस्तकालय में छात्रों को समसामयिक विषयों पर पुस्तकों का अभाव खटकता है। प्रधानाचार्य जी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर इस विषय से संबंधित पुस्तक मंगवाने के लिए निवेदन कीजिए। **(5**×1=5**)**

**अथवा**

आप विकास/ विभूति हैं। अपने मित्र को यह बताइए कि किस तरह त्योहार में खर्च काम किया जा सकता है। (5×1=5)

**प्रश्न 16-** कंप्यूटर टाइपिस्ट पद के लिए 80 शब्दों में स्ववृत्त लिखिए।

**(5)**

**अथवा**

बैंक में खाता खोलने के लिए 80 शब्दों में बैंक मैनेजर को ईमेल लिखिए।**(5)**

**प्रश्न 17**- स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार प्रसार के लिए 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**(4)**

**अथवा**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर  पर 60 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए। **(5)**

—----×—------